दूरभाष नं.0151–2970655 राजस्थान सरकार ई–मेल jd.bikaner.dse@rajasthan.gov.in

कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग बीकानेर

क्रमांकःसंनि / स्कूलशिक्षा / बीका संभाग / बीका / लेखा / 2019 / 698 दिनांकः 07.11.19

समस्त मुख्य ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन बी0आर0सी0एफ समग्र शिक्षा

विषयः:– पेंशन प्रकरणों के निस्तारण एवं पेंशन सूचना प्रेषित करने के संबंध में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग द्वारा बकाया पेंशन प्रकरण के संबंध में समय–समय पर आपको निर्देश दिए जाते रहे हैं कि आप अपने अधिनस्थ कार्यालयों / विद्यालयों द्वारा पेंशन प्रकरणों का समय पर निस्तारण करावें । पेंशन नियम 83 के अनुसार सेवानिवृति के छः माह पहले संबंधित विद्यालयों से प्राप्त कर पेंशन प्रकरण पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग को आवश्यक रूप से भिजवाया जाना आवश्यक होता है एवं पैंशन नियम 89 के अनुसार यदि सेवानिवृति के पश्चात 60 दिवस के अन्दर पेंशन स्वीकृत नहीं की जाती है और 60 दिवस के पश्चात जितना विलम्ब होता है उस अवधि के लिए 9 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने का प्रावधान है ।

बड़ा खेद का विषय है कि पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करने पर यह पाया जाता है कि शाला प्रधानों /कार्यालयों की उदासीनता के कारण छोटी–छोटी कमियां (जैसे ए.सी. पी. व अवकाश प्रकरण स्वीकृत नहीं होने के कारण सेवा सत्यापन का अभाव विद्यालय स्तर पर पेंशन कुलक प्राप्त नहीं हाने आदि कारणों) के कारण पेंशन प्रकरण लम्बे समय से बकाया रहते हैं ।

उक्त संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधिनस्थ समस्त विद्यालयों के बकाया पेंशन प्रकरणों की मोनिटरिंग करेंगें एवं निर्धारित दिनांक तक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मा0 / प्रा0शिक्षा कार्यालय में बकाया पेंशन प्रकरणों की रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करवाएंगें साथ ही उक्त कार्य में विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों / कार्मिकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाते हुए इस कार्यालय को अवगत करायेंगें ताकि पेंशन प्रकरण के निस्तारण में हुई देरी के लिए ब्याज राशि का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा सके ।

7/11/19

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग, बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांकःसंनि / स्कूलशिक्षा / बीका संभाग / बीका / लेखा / 2019 / 698 दिनांकः 07/11/19

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

01. निदेशक, मा0 शिक्षा राज0 बीकानेर
02. निदेशक प्रा0 शिक्षा राज0 बीकानेर
03. जिला शिक्षा अधिकारी मु0 मा0 / प्रा0शिक्षा बीकानेर / हनुमानगढ़ / श्रीगंगानगर

7/11/19

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग, बीकानेर